समाहरणालय, पटना
सामान्य शाखा

फोन नं0 : 0612–2219545 (का0)
फैक्स नं0 : 2218900
Email : sdcpatnageneralsection@gmail.com
dm-patna.bih@nic.in

आदेश

बिस्कोमान (बिहार एवं झारखण्ड) के निदेशक पर्षद् का निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी, पटना–सह–निर्वाचन पदाधिकारी, पटना के आदेश ज्ञापांक–1279 दिनांक–12.06.2024 द्वारा चुनाव कार्यक्रम की सूचना विधिवत् निबंधित डाक (Speed Post) से सभी निर्वाचित जिला स्तरीय डेलिगेट्स/प्रतिनिधि को प्रेषित है।

परन्तु बिस्कोमान के निदेशक पर्षद् के निर्वाचन की प्रक्रिया जिस प्रस्तावित उपविधि के आधार पर प्रारंभ की गयी थी, उसका अनुमोदन अस्वीकृत किये जाने का संसूचन सेन्ट्रल रजिस्टार ऑफ को–ऑपरेटिव सोसायटी भारत सरकार के आदेश ज्ञापांक–L-11016/17/2008 Reg दिनांक–21.06.2024 द्वारा प्राप्त हुआ है। तदनुसार उक्त उपविधि के आधार पर प्रारंभ वर्त्तमान निर्वाचन प्रक्रिया को रद्द करने का अनुरोध अध्यक्ष, सहकारिता निर्वाचन प्राधिकार, भारत सरकार को इस कार्यालय के पत्रांक–1479 दिनांक–02.07.2024 द्वारा भेजा गया है। इस पर प्राधिकार का निर्णय संसूचित होने तक बिस्कोमान की वर्त्तमान निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित की जाती है।

ह०/–

जिलाधिकारी, पटना
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
बिस्कोमान

ज्ञापांक– LIV-03/2024.......1478......./सा० दिनांक–....02.07.2024

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, बिस्कोमान (बिहार–झारखण्ड) को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि इस आशय की सूचना सभी संबंधित डेलिगेट्स/मतदाता एवं उम्मीदवार को अविलम्ब प्रेषित करना, बिस्कोमान की वेबसाईट पर प्रकाशित कराना तथा अन्य आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः–जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं जिला के बेवासाईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित

जिलाधिकारी, पटना
–सह–
निर्वाची पदाधिकारी,
बिस्कोमान